(घ) यदि उनकी संख्या उचित अनुपात में नहीं है तो आरक्षित स्थानों को भरने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (ख) 208

(ग) 16

(घ) जो आरक्षित जगह भरी न जा सकी हों, वे विद्यमान अनुदेशों में दी गई शर्तों के अधीन भर्ती के आगामी वर्षों के लिए निर्धारित संख्या में जोड दी जाती हैं ।

अनुसूचित जातियों के छात्रों का शिक्षा संस्थाओं में दाखिला

5352. श्री रामजी राम :
श्री राम चरण :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच कि शिक्षा संस्थाओं तकनीकी शिक्षा संस्थाओं, कालेजों तथा विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के छात्रों के प्रवेश पर कुछ प्रतिबन्ध लगाये गये हैं ; और

(ख) क्या उनकी गरीबी, परीक्षा मे डिवीजन, कम प्राप्तांक तथा निर्धारित कोटा उनके प्रवेश मे बाधक है ?

शिक्षा मंत्री (श्री त्रिगुण सेन) : (क) किसी राज्य सरकार अथवा विश्वविद्यालय द्वारा लगाये गये ऐसे प्रतिबन्धो के बारे मे, सरकार को जानकारी नही है ।

(ख) आमतौर पर शिक्षा संस्थाओं मे प्रवेश योग्यता और उपयुक्तता के आधार पर किये जाते हैं, गरीबी का इससे कोई सीधा सम्बन्ध नही हैं । अनुसूचित जातियों और अनुसूचित कबीलों के छात्रों के लिए निश्चित कोटा अथवा सीटों का आरक्षण प्रवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए है न कि उनमे रुकावट डालने के लिये । 'श्रेणी' अथवा 'कम अंक' प्रवेश में केवल तभी बाधक होते हैं, यदि इस प्रयोजन के लिए निर्धारित-न्यूनतम प्रतिशत से कम हों ।

उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के बेरोजगार व्यक्ति

5353. श्री रामजी राम :
श्री राम चरण :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 अप्रैल, 1967 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न काम दिलाऊ दफ्तरों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कितने प्रार्थी पंजीकृत थे; और

(ख) अप्रैल, 1967 के अन्त तक उनमें से कितनों को रोजगार देने की पेशकश की गई ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख). इस सम्बन्ध में अर्धवार्षिक जानकारी हर छ: माह बाद, जून और दिसम्बर में इकट्ठी की जाती है । ताजे आंकड़े नीचे दिये गये हैं :—

प्रार्थियों की श्रेणी	जनवरी-दिसम्बर 1966 के दौरान दर्ज नाम	जनवरी-दिसम्बर 1966 के दौरान नियुक्ति सहायता पाने वाले
अनुसूचित जातियों के उम्मीदवार	1,01,407	12,160
अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवार	100	12